# भारतीय किसान संघ ने मांगों को लेकर निकाली ट्रैक्टर रैली

## किसान संघ ने 16 सूत्रीय मांगों को प्रशासन के सामने रखा

नवभारत न्यूज

**सतना, 15 सितंबर भारतीय किसान संघ ने मंगलवार को किसानों की 16 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला मुख्यालय पर जोरदार रैली निकाली । प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह अंजना के नेतृत्व में करीब 200 ट्रैक्टरों का काफिला कृषि उपज मंडी से निकला, जिसमें बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।**



रैली शहर के प्रमुख मार्गों बिड़ला रोड, सेमरिया चौक और सर्किट हाउस चौक से होती हुई सिविल लाइन चौपाटी पहुंचकर संपन्न हुई। इसके बाद किसान संघ के जिला अध्यक्ष योगेश तिवारी और जिला मंत्री द्वारकेंद्र प्रताप बागरी की अगुवाई में एसडीएम सिटी राहुल सिलाडिया को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। रैली के माध्यम से किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों को प्रशासन के समक्ष प्रमुखता से रखा।

**एमएसपी पर धान खरीदी**-संघ ने धान खरीदी में भावांतर योजना का पूरी ताकत से विरोध करते हुए पहले की तरह न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी केंद्रों में ही धान खरीदने की मांग की। साथ ही मंडी कानून की धारा 36(3) का हवाला देते हुए समर्थन मूल्य से कम पर उपज की बिक्री पर रोक लगाने की बात कही।

**बिजली और ट्रांसफॉर्मर की समस्या**-गांवों में लो-वोल्टेज, बार-बार लाइन फॉल्ट और जले हुए ट्रांसफार्मरों की समस्या से राहत दिलाने, खराब ट्रांसफार्मरों को तुरंत बदलने तथा पुरानी 25 केवीए ट्रांसफार्मर योजना को पुन: शुरू करने की मांग रखी गई।

**फसल क्षति मुआवजा एवं खाद-ऋण व्यवस्था**-लगातार बारिश से हुए फसल नुकसान का सर्वे कराकर मुआवजा देने, खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, किसान क्रेडिट तथा छोटे किसानों को आर्थिक सहायता देने की मांग की गई।

### सिंचाई एवं बरगी डायवर्सन परियोजना

नहरों और बांधों की समय पर मरम्मत तथा बरगी डायवर्सन परियोजना के काम में तेजी लाने का मुद्दा उठाया गया।बिरसिंहपुर, कोठी और मझगवां की कृषि उपज मंडियों को नियमित संचालित करने और सोहावल में कथित अवैध सब्जी मंडी पर कार्रवाई करने की मांग की गई। भूमि रिकॉर्ड में जमीन को सिंचित दर्ज करने, बरगी नहर अधिग्रहण के राजस्व मामलों के निपटारे, आवारा पशुओं के स्थायी समाधान, सड़क हादसों में मृत पशुओं को हटाने और जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा की मांग भी शामिल रही।

# स्वामित्व योजना के कार्यों से अलग रहेंगे पटवारी

## दबाव बनाने पर कलमबंद हड़ताल की दी चेतावनी, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



नवभारत न्यूज

**सतना, 15 सितम्बर. मध्यप्रदेश पटवारी संघ जिला इकाई ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन 2026 योजना के समस्त कार्यों से पटवारी संवर्ग को पूर्णत: पृथक रखने की मांग उठाई है. संघ ने स्पष्ट किया है कि 15 सितंबर से ही पटवारी स्वामित्व आबादी अधिकार निष्पादन व पंजीयन कार्य से अलग रहेंगे.**

पटवारी संघ का कहना है कि ग्रामीण आबादी क्षेत्र की व्यवस्थाएं ऐतिहासिक रूप से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधीन रही हैं. जबकि वर्तमान प्रक्रिया में पटवारियों को निष्पादक बनाकर उनके व्यक्तिगत नाम, पद और ई-हस्ताक्षर दर्ज कराए जा रहे हैं. इससे भविष्य में सीमांकन, रकबा, वारिसाना अथवा कब्जे को लेकर विवाद की स्थिति बनने पर पटवारियों पर सीधी कानूनी जवाबदेही आ जाएगी जो कि नियम विरुद्ध है. संघ का तर्क है कि अधिकारों का निर्धारण पूर्व सर्वेक्षण के आधार पर हुआ है. इसलिए निष्पादन की जिम्मेदारी पंचायत विभाग के मैदानी अमले को दी जानी चाहिए और पटवारियों को केवल तकनीकी सहयोग तक सीमित रखा जाए. इसके साथ ही पटवारियों ने जियो टैग गिरदावरी और फार्मर आईडी बनाने को लेकर बनाए जा रहे दबाव का भी विरोध किया है. संघ ने कहा कि हाल ही में गिरदावरी के दौरान एक स्थानीय युवक की मौत की घटना सामने आई है ऐसे में जब तक जियो टैग की अनिवार्यता समाप्त नहीं होती पटवारी गिरदावरी कार्य नहीं करेंगे. वहीं वेतन विसंगति, ग्रेड-पे सुधार, कैडर रिव्यू और पदोन्नति जैसी सेवा संबंधी समस्याओं का समाधान न होने पर भी पटवारियों ने गहरा आक्रोश जताया है.

# मायके आयी महिला का फंदे पर मिला शव

## महज 2 महीने पहले हुआ था विवाह



नवभारत न्यूज

**सतना 15 सितंबर. जिस लड़की का विवाह महज 2 महीने पहले हुआ हो और त्योहारों के अवसर पर वह पहली बार माएके वापस लौटी हो, उसके साथ आखिरकार ऐसा क्या हुआ कि उसका शव फंदे पर लटका पाया गया. पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर विवेचना करते हुए कुछे ऐसे ही सवालों के उत्तर खोजने का प्रयास शुरु कर दिया गया है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के बरौंधा थाना क्षेत्र अंतर्गत पाथर कछार गांव में सोमवार-मंगलवार की देर रात परिजनों के बीच उस वक्त कोहराम मच गया जब उन्होंने अपनी बेटी को फंदे पर लटका पाया. मृतका की पहचान गुड़िया खैरवार के तौर पर हुई. जिसका महज 2 महीने पहले 7 जुलाई को पन्ना जिले के अजयगढ़ तहसील अंतर्गत भसूड़ा गांव के निवासी जयकरण खैरवार के साथ विवाह हुआ था. त्योहारों के चलते वह कुछ दिन पहले ही माएके आई थी. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया और परिजनों से जानकारी जुटाने का प्रयास शुरु किया. वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार बरौंधा डॉ. सुदामा प्रसाद भी मौके पर पहुंच गए. बताया गया कि परिजनों ने इस बात की आशंका भी जताई कि मृतका के पास जो मोबाइल मिला उसमें सिम नहीं लगा था. जिसे देखते हुए तहसीलदार पर थाना प्रभारी द्वारा आश्वस्त किया गया कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी.

# इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की प्रबंध समिति एवं पदाधिकारियों का निर्वाचन 24 को

नवभारत न्यूज

**सतना 15 सितम्बर.** इंडियन रेडक्रास सोसायटी शाखा सतना की प्रबंध समिति एवं पदाधिकारियों का निर्वाचन 24 सितंबर 2026 को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट भवन सतना के सभाकक्ष में कलेक्टर एवं अध्यक्ष इंडियन रेडक्रास सोसायटी शाखा सतना डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। निर्वाचन कार्यक्रम के एजेंडे के अनुसार सर्वप्रथम रेडक्रास प्रबंध समिति के सदस्यों का निर्वाचन किया जाएगा। इसके पश्चात प्रबंध समिति के निर्वाचित सदस्यों द्वारा चेयरमैन, वाइस चेयरमैन एवं कोषाध्यक्ष के पदों के लिए निर्वाचन किया जाएगा।

# ट्रैक्टर पलटने से 1 की मौत, 1 गंभीर, मैहर के खरवाही पुलिया के निकट हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

**सतना 15 सितंबर. खाद से लदे ट्रैक्टर ट्राली के अचानक अनियंत्रित होकर पलट जाने के कारण उसमें सवार 1 व्यक्ति की जहां मौके पर ही मौत हो गई वहीं दूसरी ओर 1 व्यक्ति गंभीर तौर पर घायल हो गया. घायल का उपचार जिला चिकित्सालय में जारी है.**



प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भटगवां निवासी आनंद केवट पिता रामलखन और उमेश दाहिया पिता मुन्ना ट्रैक्टर ट्राली पर खाद लोड कर खेत की ओर जा रहे थे. बताया गया कि जैसे ही ट्रैक्टर जरमोहरा स्थिति खरवाही पुलिया के निकट पहुंचा वैसे ही अचानक सामने आए एक व्यक्ति को बचाने के चक्क्र में ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया. देखते ही देखते ट्रैक्टर सड़क छोड़ कर कई फीटी नीचे जाकर पलट गया. जिसकी चपेट में आने के कारण उमेश की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि गंभीर तौर पर घायल आनंद को उचेहरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया. जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए जिला चिकित्सालय सतना के लिए रेफर कर दिया गया. इस घटना के सामने आते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया. पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर विवचेना की जा रही है.

# छात्रा मारपीट मामले में एसपी ने दिया उचित कार्यवाही का आश्वासन

## परिजनों ने अब तक की कार्रवाई पर व्यक्त किया असंतोष

नवभारत न्यूज

**सतना, 15 सितम्बर. सहपाठी के साथ मारपीट कर वीडियो वायरल के मामले में पुलिस अधीक्षक ने जांच में गम्भीरता बरतने का आश्वासन देने के साथ आरोपी छात्र के विरुद्ध आई टी एक्ट की धारा लगाने की बात कही है.**



विट्स कॉलेज के बीबीए की छात्रा से हुई मारपीट के मामले में कोलगवाँ थाने में दर्ज पीड़ित द्वारा तथ्यों और कथन को दरकिनार कर सामान्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज किए जाने सहित जांच में हो रही देरी से असंतुष्ट पीड़ित छात्रा के परिजनों ने पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह से मिलकर निष्पक्ष और त्वरित कार्रवाई संबंधी शिकायती आवेदन दिया है, पीड़िता के परिजनों का कहना है कि कोलगवा थाने में दर्ज की गई प्राथमिकी में पीड़िता के कथन को दरकिनार कर मामूली धाराओं पर प्राथमिकी दर्ज की गई है जब की श्रवण सेन द्वारा छात्रा को लगातार इंस्टाग्राम चैट , फ़ोन कॉल के माध्यम से दोस्ती करने, खर्च उठाने, घूमने फिरने की बात के साक्ष्य देने के बाद भी इस पूरे मामले में अभी तक श्रवण सेन के ऊपर ठोस धाराओं पर मामला दर्ज नहीं करने पर दु:ख व्यक्त करते हुए जल्द से जल्द निष्पक्ष जाँच कराए जाने की माँग की है पुलिस अधीक्षक ने पीड़ित छात्रा के परिजनों से बातचीत कर दिए गए आवेदन पर तत्काल जाँच कराए जाने और पीड़ित परिजनों के कथन अनुसार आई टी एक्ट और श्रवण सेन को आरोपी बनाये जाने के संबंध में आश्वासन दिया गया है।

# ब्रांडेड बोतलों में नकली शराब बेचने वाले नेटवर्क का खुलासा

## आबकारी विभाग ने ग्राहक बन किया दो को गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सतना, 15 सितम्बर. शहर में आबकारी विभाग ने डिकॉय ऑपरेशन चलाकर ब्रांडेड विदेशी शराब की खाली बोतलों में संदिग्ध तरल भरकर बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है.मामले में डिलीवरी एजेंट सुनील कुशवाहा और कथित मास्टरमाइंड जितेन्द्र कुमार साह उर्फ रवि ( निवासी घूरडांग ) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है.**



विभाग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मोबाइल पर ऑर्डर लेकर नामी ब्रांड की बोतलों में मिलावटी शराब सप्लाई की जा रही है. इस पर टीम ने ग्राहक बनकर सिमरिया चौक के पास जाल बिछाया. जैसे ही डिलीवरी एजेंट ब्रांडेड महंगी बोतल देने पहुंचा सादे कपड़ों में तैनात आबकारी उपनिरीक्षक संजय साकेत व टीम ने उसे दबोच लिया.

बोतल की प्रारंभिक जांच में तरल संदिग्ध, तैलीय और सूक्ष्म कणों से युक्त पाया गया, जिसे पुष्टि के लिए एफएसएल जांच हेतु भेजा गया है. एजेंट की निशानदेही पर देर रात घूरडांग में दबिश देकर मुख्य आरोपी जितेन्द्र को भी गिरफ्तार कर लिया गया. आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क) और 49(क) के तहत केस दर्ज कर पड़ताल कर रही है.

# अस्पताल के वार्ड बॉय की जेब से 40 हजार पार

▶ बैंक से बाहर निकलते ही ठग गिरोह ने घेरा

नवभारत न्यूज

**सतना 15 सितंबर. जिला चिकित्सालय में पदस्थ वार्ड ब्वाय बैंक से पैसा निकालने के बाद जैसे ही बाहर निकले, कुछ लोगों ने उन्हें परिचित बताकर घेर लिया. जिसके कुछ देर बाद ही उनके जेब में रखे 40 हजार रु पार हो गए. पुलिस द्वारा जांच कर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है.**



प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला चिकित्सालय में वार्ड ब्वाय के तौर पर पदस्थ अनिल द्विवेदी मंगलवार की सुबह रीवा रोड बस स्टैण्ड के सामने स्थित भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में पहुंचे. जहां पर उन्होंने अपने खाते से 40 हजार रु की निकासी की. रुपयों को गिनने के बाद जेब में रखते हुए वे बाहर निकल आए. लकिन जैसे ही वे बाहर निकले, लगभग आधा दर्जन लोगों ने उनसे राधे राधे करते हुए उनका परिचित बताया. इसी कड़ी में उन लोगों ने वार्ड ब्वाय को चाय पिलाने की बात कही. मना करने के बावजूद उन लोगों ने वार्ड ब्वाय को कार में बैठा लिया. कृष्णनगर की ओर जाने पर कुछ देर बाद उन्हें उतार दिया गया. लेकिन जैसे ही वार्ड ब्वाय ने अपनी जेब की तलाशी ली उसमें रखे रुपए नदारद मिले. काफी प्रयास करने के बावजूद भी जब कोई सुराग नहीं मिला तो वार्ड ब्वाय ने पुलिस को सूचित किया. पुलिस द्वारा जब सीसीटीवी फुटेज जांच की गई तो मालुम हुआ कि उक्त कार शहर में कई स्थानों पर घूमने के बाद बगहा बाइपास होते हुए हाइवे की ओर निकल गई. इतना ही नहीं बल्कि यह जानकारी भी सामने आई कि ब्रेजा कार होने के बावजूद भी उस पर इंदौर की क्रेटा कार की नंबर प्लेट लगी हुई थी.

# बगदरा घाटी से दबोचे गए आधा दर्जन आरोपी

▶ पिस्टल, कट्टा, कारतूस सहित हाकी व बेस बाल का डंडा बरामद

नवभारत न्यूज

**सतना 15 सितंबर. जिले के चित्रकूट थाना क्षेत्र अंतर्गत स्फटिक शिला मोड़ के निकट चाय की दुकान पर मौजूद लोगों पर जानलेवा हमला करने वाले आधा दर्जनड्ढ युवकों को पुलिस ने बगदरा घाटी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया. आरोपियों के कब्जे से पिस्टल, कट्टा, कारतूस सहित हाकी और बेस बाल का डंडा जैसे हथियार बरामद किए गए.**



चित्रकूट थाना प्रभारी नीलेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्फटिक शिला मोड़ के निकट बृजनरेश परिहार के बेटे अंकित अपने मित्रों के साथ गणेश प्रतिमा तैयार कर रहे थे. इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर आधा दर्जन युवक वहां आ धमके और अंकित और मनीष के साथ बुरी तरी मारपीट शुरु कर दी. कुछ लोग बीच बचाव करने आए लेकिन उनके साथ भी मारपीट की गई. घटना की शिकायत मिलने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की. इसी कड़ी में मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बगदरा घाटी के निकट घेराबंदी कर दी. जहां पर बोलेरो को रोककर उसमें सवार लोगों से पूछताछ की गई. जिसके जरिए उनकी पहचान वरुण तिवारी 31, सुमित पाण्डेय 18, योगेंद्र पाठक 23, देवांश पाण्डेय 25, कार्तिक यादव 21 और शिवम पाल 19 के तौर पर हुई.

तलाशी लिए जाने पर उनके पास से 32 बोर की पिस्टल, 6 नग कारतूस, 315 बोर का कट्टा, 2 कारतूस, 1 हाकी, 1 बेसबाल का डण्डा बरामद हुआ. जिसे देखते हुए पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया.

### एक नजर में




## बाढ़ प्रभावित गांवों में प्रिज्म ने लगाए चिकित्सा शिविर

**सतना .** प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड मनकहरी द्वारा अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के अंतर्गत ''दीनदयाल रिसर्च इंस्टीट्यूट (डीआरआई), चित्रकूट'' के सहयोग से तीन दिवसीय नि :शुल्क चिकित्सा राहत शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों का आयोजन 8 से 10 सितंबर 2026 तक बा? प्रभावित ''पिंडरा, कठारा एवं केल्हौरा'' गांवों में किया गया। चिकित्सा शिविर में डॉ. राजेंद्र कुमार, मेडिकल ऑफिसर, श्री विजय सिंह, नर्सिंग असिस्टेंट, श्री देवेंद्र मिश्रा, डिप्टी जनरल मैनेजर सीएसआर तथा श्री प्रकाश पाण्डेय ने सेवाएं प्रदान कीं। शिविरों के लिए आवश्यक दवाइयों एवं चिकित्सा सामग्री के साथ एंबुलेंस की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।

## नई बस्ती हनुमान ब्लॉक की कार्यकारिणी घोषित

**सतना .** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी शहर सतना के अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दीकी ने नई बस्ती हनुमान ब्लॉक की 22 सदस्यीय नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। इस संबंध में जिला कांग्रेस शहर प्रवक्ता अमित गोयल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सूची साझा की है। जारी सूची के अनुसार, श्री अजय बहादुर सिंह (मोहन सिंह) को ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही संगठन को मजबूती देने के लिए ब्लॉक महामंत्री, कोषाध्यक्ष, 03 उपाध्यक्ष, 06 महासचिव, 08 सचिव, मीडिया प्रभारी एवं सोशल मीडिया प्रभारी पदों पर नियुक्तियां की गई हैं।

## ईश्वर के अद्वैत स्वरूप पर हुआ चिंतन



**सतना।** राम वनवासी छात्रावास में चिन्मय मिशन सतना द्वारा आयोजित छह दिवसीय गणेश अथर्वशीर्ष ज्ञानयज्ञ के दूसरे दिन भगवान गणेश के वास्तविक स्वरूप एवं परम तत्त्व पर गहन एवं सरल चिंतन किया गया। ज्ञानयज्ञ में श्री राम वनवासी छात्रावास के बच्चों, समिति के सदस्यों तथा आसपास के श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

# युवा समिति 14 साल से राजेंद्र नगर में विराज रही गणपति, हर साल बढ़ाते हैं ऊंचाई

नवभारत न्यूज

**सतना, 15 सितंबर। शहर के राजेंद्र नगर की गली नंबर 11 इन दिनों गणपति भक्ति से सराबोर है। यहां विराजमान राजेंद्र नगर के राजा की भव्य प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।**

युवा समिति की ओर से लगातार 14 वें वर्ष आयोजित किए जा रहे गणेशोत्सव में क्षेत्र के लोगों की बढ़-चढ़कर भागीदारी देखने को मिल रही है। शाम होते ही पंडाल में दर्शन और आरती के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है।



**छोटी प्रतिमा से शुरू हुई परंपरा बनी पहचान**-गणेशोत्सव की यह यात्रा 14 वर्ष पहले महज 1.5 फीट की प्रतिमा से शुरू हुई थी। समिति के युवाओं ने हर वर्ष उत्सव को नए स्वरूप में आगे बढ़ाने के साथ प्रतिमा का आकार भी बढ़ाने की परंपरा कायम रखी। आज यह आयोजन राजेंद्र नगर के प्रमुख गणेश उत्सवों में अपनी अलग पहचान बना चुका है। भव्य साज-सज्जा के बीच विराजे बप्पा की प्रतिमा लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है।

**धार्मिक आयोजनों के साथ मनोरंजन का भी संगम**-उत्सव के दौरान समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए कई धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। महाआरती और जागरण के साथ नृत्य प्रतियोगिता तथा बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं। प्रतियोगिताओं में बच्चों और युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा है। विजेताओं को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया जा रहा है।

### दस दिन तक रहता है उत्साह : रितिक



समिति सचिव रितिक रजक ने बताया कि गणेश चतुर्थी का 10 दिवसीय उत्सव पूरे मोहल्ले में उत्साह और उल्लास का माहौल बना देता है। इन दिनों क्षेत्र की रौनक देखते ही बनती है और श्रद्धालुओं में भगवान गणेश के प्रति विशेष आस्था नजर आती है। समिति के युवा पूरे उत्सव के दौरान गणपति बप्पा की सेवा और आयोजन की व्यवस्थाओं में समर्पित भाव से जुटे रहते हैं।

### गणपति के आशीर्वाद से सब काम पूरे होते हैं : ओमकार



समिति अध्यक्ष ओमकार सिंह ओमली ने बताया कि भगवान गणेश के प्रति समिति के सदस्यों में हमेशा विशेष उत्साह और आस्था रहती है। इसी भावना के साथ हर वर्ष उपयुक्त स्थान पर बप्पा की प्रतिमा स्थापित कर गणेशोत्सव का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश का आशीर्वाद हमेशा समिति के साथ बना रहा है।

### पूरे मोहल्ले को जोड़ने वाला उत्सव : अमन



समिति सदस्य अमन वर्मा ने बताया कि गणेश चतुर्थी हमारे लिए केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि पूरे मोहल्ले को एक साथ जोड़ने वाला उत्सव है। आयोजन के दौरान बच्चों के मनोरंजन का विशेष ध्यान रखा जाता है। विभिन्न खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चे उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं और गणेशोत्सव के हर पल का आनंद उठाते हैं।